25 जुलाई 2025
शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



अवैध उत्खन्न स्थल पर पहुंचे जेडीयू विधायक सरयू राय, कहा- सीबीआई व ईडी करें जाच

3



# मुंबई ट्रेन ब्लास्ट के आरोपियों को बरी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले में बरी किए गए 12 आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने आरोपियों को बरी करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर यह नोटिस जारी किया है। महाराष्ट्र सरकार ने 22 जुलाई को 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में 12 आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में किए

♦ पीठ ने कहा- हाई कोर्ट के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा

गए सात बम धमाकों के मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अब महाराष्ट्र सरकार की जीत बताई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रेन विस्फोट मामले में बरी किए गए 12 आरोपियों को दोबारा गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट का बरी होना कोई मिसाल नहीं बनेगा। इस फैसले का मकोका के अन्य मुकदमों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया था कि उच्च न्यायालय के फैसले को अन्य लंबित महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामलों में मिसाल नहीं माना जाएगा। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली एक विशेष अनुमति याचिका पर संबंधित सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया। पीठ ने इस दलील पर गौर किया और स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा।

### मकोका अदालत ने पांच को सुनाई थी मौत की सजा, सात को आजीवन कारावास

उच्च न्यायालय ने सोमवार 21 जुलाई 2025 को फैसला सुनाया था। उसने विशेष मकोका अदालत के वर्ष 2015 के फैसले को पलटने हुए उसके उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें पांच आरोपियों को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। मकोका अदालत ने कमाल अंसारी (अब मृत), मोहम्मद फैसल शेख, एहते-शाम सिद्दीकी, नवीद हुसैन खान और आसिफ खान को मौत की सजा सुनाई थी। अदालत ने तनवीर अहमद इब्राहिम अंसारी, मोहम्मद माजिद शफी, शेख मोहम्मद, मोहम्मद साजिद मरगूब अंसारी, मुजम्मिल अताउर रहमान शेख, सुहैल महमूद शेख और जमीर अहमद शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मुंबई की लोकल ट्रेनों में 11 जुलाई, 2006 को सात बम विस्फोट हुए थे। इस घटना में 189 लोग मारे गए थे और 820 लोग घायल हुए थे।

## पॉश एक्ट: महिला कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दाखिल की गई है, जिसमें राजनीतिक दलों को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम कानून (पॉश एक्ट) का पालन कराने की मांग की गई है।

जानकारी के मुताबिक, यह याचिका अधिवक्ता योगमाया एमजी की ओर से दायर की गई है। उनका कहना है कि राजनीतिक पार्टियां भी इस कानून के दायरे में आती हैं, इसलिए उन्हें इसके तहत सभी नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक दलों में काम करने वाली महिलाओं को सुरक्षित और समावेशी कार्य वातावरण देना जरूरी है। योगमाया ने 2024 में भी इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने उन्हें उपयुक्त प्राधिकरण से संपर्क करने की छूट दी थी। इसके बाद उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखा, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। इस याचिका में केंद्र सरकार के साथ-साथ प्रमुख राजनीतिक दलों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में मांग की गई है कि सभी राजनीतिक दलों में यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) बनाई जाए।

## बड़ा हादसा : हिमांचल प्रदेश के मंडी में दुर्घटनाग्रस्त हुई एचआरटीसी की बस

# 150 फीट नीचे खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, सात की मौत व 20 जख्मी

♦ हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक, अस्पताल पहुंचे उप मुख्यमंत्री

**एजेंसी/नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश के मंडी में गुरुवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस गहरी खाई में गिर गयी। इस हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। बस में चालक व खलासी के अलावा 25 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सरकाघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। जिसके बाद सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एचआरटीसी की बस में 25 लोग सवार थे। अचानक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में जहां पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दो लोगों ने इलाज के दौरान अपना दम तोड़ा।



### सीएम सुखविंद्र सुक्खू ने जताया गहरा शोक

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सात लोगों के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने और उपचार दिलाने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश जारी कर दिए गए। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। वहीं, हादसे में घायल हुए लोगों से मिलने उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री गुरुवार दोपहर एम्स बिलासपुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों का कुशलक्षेम जाना और परिजनों से भी बात की। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों से पीड़ितों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अग्निहोत्री ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और उचित सहायता का आश्वासन दिया।

**सभी हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट जिले के रहने वाले थे :** मृतकों में 4 महिला और 3 पुरूष शामिल हैं। सभी हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट जिले के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान 60 वर्षीय बालवीर, 17वर्षीय अंतरिक्ष, 33 वर्षीय सुमन कुमार, 65 वर्षीया गीता देवी, 70 वर्षीया डोमा देवी, 60 वर्षीया कलासी देवी और बर्फी देवी के रूप में हुई है। वहीं, घायलों का सरकाघाट अस्पताल व नेरचौक मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। गंभीर रूप से घायल हुए कंडक्टर सहित छह लोगों का उपचार एम्स बिलासपुर में चल रहा है। मृतक के परिजनों को इस हादसे की सूचना दी गई है। इस घटना की खबर मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिवार वालों के आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी सरकाघाट व पुलिस थाना की टीम मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस का कहना है कि फिलहाल हादसे के मुख्य कारणों की अब तक पता नहीं चल पाया है।

### रूस में बड़ा विमान हादसा, 49 यात्रियों की मौत

**नई दिल्ली।** रूस में एक बड़ा विमान हादसा हुआ है। रूस का एक यात्री विमान अमूर इलाके में क्रैश हो गया। यात्री विमान एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम से संपर्क टूटने के बाद गायब हो गया था। यह विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में था, जब इसका संपर्क कंट्रोल रूम से टूटा। एंगारा एयरलाइंस के एएन-24 विमान के क्रैश होने के बाद हादसे में 49 यात्रियों की मौत की पुष्टि की गई है। विमान हादसा तब हुआ, जब वो अपने गणतव्य से थोड़ी ही दूरी पर था। क्षेत्रीय गवर्नर वासिली ओरलोव ने बताया कि एएन-24 यात्री विमान में पांच बच्चों समेत 43 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। विमान के संपर्क टूटने के बाद बचाव और सर्च ऑपरेशन तेजी से चलाया गया और इसका मलबा बरामद कर लिया गया।

एएन-24 का पूरा नाम एंटोनोव-24 है, जो एक सोवियत निर्मित मध्यम दूरी का डबल इंजन टर्बोप्रॉप यात्री विमान है। इसे मुख्य रूप से कम दूरी की उड़ानों के लिए बनाया गया है और क्षेत्रीय उड़ानों के लिए इसका इस्तेमाल होता है। ये पहली बार 1959 में उड़ा था और इसे रूसी, पूर्वी यूरोप और एशिया के कठिन इलाकों में उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया था। ये विमान लगभग 1,500 से 2,000 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है, जो इसे क्षेत्रीय उड़ानों के लिए परफेक्ट बनाता है। इसकी खासियत ये है कि ये कम दूरी के रनवे से टेकऑफ और लैंडिंग कर सकता है, जो इसे दूर-दराज और पहाड़ी इलाकों के लिए उपयुक्त बनाता है। इसके मजबूत और भरोसेमंद डिजाइन की वजह से इसे कार्गो विमान और सैन्य परिवहन में भी इस्तेमाल किया जाता है।

# कंबोडिया और थाईलैंड में तेज हुई जंग एक एफ-16 तबाह; अब तक 9 की मौत

### थाईलैंड का आरोप- कंबोडिया ने ड्रोन व रॉकेट से हमले कर उकसाया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच दशकों पुराना सीमा विवाद एक बार फिर से हिंसक रूप ले चुका है। दोनों देशों के बीच जारी हमलों में अब कंबोडिया ने दावा किया है कि उसने थाईलैंड के एक ऋ16 फाइटर जेट को मार गिराया है, ऐसा तब हुआ जब थाईलैंड ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर छह ऋ16 जेट्स से हवाई हमले किए। यह संघर्ष विशेष तौर पर ता मुएन थॉम, ता क्राबेई, मोम बेई और प्रेह विहेयर मंदिर जैसे विवादित क्षेत्रों में केंद्रित है।

कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाई सेना पर हमले शुरू करने का आरोप लगाया है, जबकि थाईलैंड का कहना है कि कंबोडिया ने ड्रोन और रॉकेट हमलों के जरिए उकसावे की कार्रवाई की थी। इस तनाव ने दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए हैं, जिसमें अब तक नौ लोगों के मारे जाने की खबर है। कंबोडिया के नेतृत्व ने इस संघर्ष को अपनी संप्रभुता पर हमला बताया है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि कंबोडिया हमेशा शांति



चाहता है, लेकिन थाईलैंड की आक्रामकता के जवाब में बलपूर्वक कार्रवाई करना उसकी मजबूरी है। कंबोडियाई सेना ने थाई हमलों का जवाब रॉकेट और आर्टिलरी फायर से दिया, जिससे सीमा क्षेत्र में 40,000 से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। दूसरी ओर थाईलैंड ने अपनी चकपोंग फुवनात सैन्य रणनीति को फिर से लागू किया है। जो कि 2008-2011 के प्रेह विहेयर मंदिर विवाद में भी इस्तेमाल हुई थी। इस रणनीति के तहत थाई सेना ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसे कंबोडिया ने अपनी अखंडता का उल्लंघन बताया है।

## विधानसभा चुनाव से पहले अनंत सिंह को बड़ी राहत, मिली बेल

**पटना।** मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी रात मिली है। चर्चित रघुनाथन सिंह गोलीकांड में पटना के एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है।

यह मामला सात अगस्त 2021 का है, जब रघुनाथन सिंह को गोली मारी गई थी। घटना को लेकर अनंत सिंह पर हमले की साजिश रचवाने का आरोप लगाया गया था, जबकि उस समय वह जेल में बंद थे। इस केस की सुनवाई पटना के एमपी-



एमएलए विशेष कोर्ट में चल रही है, जहां अब तक सात गवाहों की गवाही हो चुकी है और उनके बयान कोर्ट में दर्ज किए जा चुके हैं। मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश अक्षय कुमार सिंह ने आज सुनवाई के दौरान अनंत सिंह को जमानत देने का आदेश दिया। अनंत सिंह फिलहाल पटना की बेऊर जेल में बंद थे। बता दें कि वे मोकामा से पांच बार विधायक रह चुके हैं और कई आपराधिक मामलों में घिरे रहे हैं। इसके अलावा, इस वर्ष पचमहला थाना क्षेत्र में एक अन्य गोलीबारी की घटना को लेकर सोनू-मोनू गैंग द्वारा अनंत सिंह पर केस दर्ज कराया गया था। जवाब में अनंत सिंह ने भी उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इन मामलों में अभी सुनवाई और जमानत प्रक्रिया लंबित है।

## बिहार विस में बवाल: पक्ष-विपक्ष के बीच मारपीट की नौबत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली की कार्यवाही में सदन का माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के संबोधन के दौरान राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई की नौबत तक पहुंच गई। दरअसल, सदन में सबसे पहले तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच तीखा वाक्युद्ध हुआ। इसके बाद दोनों दलों के विधायक खड़े होकर आपस में बहस करने लगे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि स्पीकर को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बावजूद पक्ष और विपक्ष के विधायक आपस में भिड़े रहे। बीजेपी विधायक संजय सिंह माइक तोड़कर मारने आए, इसके बाद बात और बढ़ गई। राजद-कांग्रेस के कई विधायक सत्ता पक्ष



की तरफ लपके। तेजस्वी और बीजेपी एमएलए जनक सिंह में बाद विवाद हो रहा था। इस पर तेजस्वी यादव ने जनक सिंह को कहा कि इतना बोलिएगा तो नीचे गिला हो जाएगा। इसपर बीजेपी विधायक संजय सिंह ने विरोध किया और कहा कि जनक सिंह तुम्हारे बाप के साथ काम किए हैं। इसके बाद राजद विधायक, विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी समेत कई विधायक सत्ता पक्ष की तरफ दौड़े। बाद में सदन में मौजूद मार्शल ने किसी तरह से हालात को काबू में किया।

## योगी विदेश में दिलाएंगे नौकरी

**एजेंसी/लखनऊ**

विदेश में नौकरी की चाह रखने वाले उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। योगी सरकार अब उन्हें जर्मनी, जापान, इजरायल और खाड़ी देशों जैसे विकसित देशों में रोजगार दिलाने के लिए एक विशेष व्यवस्था करने जा रही है।

इसके तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा जल्द ही अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट सेल का गठन किया जाएगा। यूपी सरकार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल से प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार पाने के लिए एक सशक्त और पारदर्शी मंच मिलेगा। प्लेसमेंट सेल एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से काम करेगा। इसमें विदेश में नौकरी के इच्छुक युवा रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। नियोक्ता भी इसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी जरूरत के अनुसार युवाओं का चयन कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और योग्यता आधारित बनाया जाएगा। इजरायल में पहले ही यूपी के हजारों युवा विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। अब जर्मनी और जापान जैसे देशों में हेल्थकेयर वर्कर्स और नर्सिंग स्टाफ की मांग तेजी से बढ़ रही है। खाड़ी देशों से भी कुशल श्रमिकों के लिए लगातार डिमांड आ रही है।




### अच्छी खबर: पटना मेट्रो के पहले चरण का काम लगभग पूरा, जल्द होगा ट्रायल

# स्वतंत्रता दिवस पर मिलेगा राजधानी के लोगों को मेट्रो का तोहफा

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के निवासियों को इस बार स्वतंत्रता दिवस पर एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। पटना के लोग जिस मेट्रो का सालों से इंतजार कर रहे थे, उसका पहला चरण 15 अगस्त 2025 से शुरू हो जायेगा। इसके लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं और निर्माण एजेंसियाँ दिन-रात दो शिफ्टों में काम कर रही हैं। मेट्रो के पहले चरण का काम लगभग पूरा होने वाला है। पटना मेट्रो के पहले प्राथमिक कॉरिडोर के तहत मलाही पकड़ी से न्यू



आईएसबीटी तक 6.2 किलोमीटर लंबे ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार इस खंड में कुल पांच स्टेशन हैं। इनमें मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरो माइल व न्यू आईएसबीटी शामिल हैं। प्रारंभ में चार स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी। खेमनीचक स्टेशन पर कार्य अभी अधूरा है।

**स्टेशनों पर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल:** मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्वचालित किराया वसूली मशीन, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर, स्वचालित एस्केलेटर और प्रवेश-निकास द्वार प्रणाली स्थापित की जा रही है। इन सभी उपकरणों की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। बिहार सरकार ने कहा है कि पटना मेट्रो परियोजना में सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी कार्य अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों। मेट्रो डिपो में भी वॉशिंग यार्ड, पिट मेंटेनेंस सेक्शन, कंट्रोल रूम, पावर सब-स्टेशन, वर्कशॉप शेड, इंस्पेक्शन शेड और ट्रैक यूनिट जैसे ढांचों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**पटना पहुंच चुके हैं तीन कोच:** मेट्रो संचालन के लिए तीन बोगियों वाली एक ट्रेन रैक हाल ही में पुणे से पटना पहुंच चुकी है। अब इसका परीक्षण (ट्रायल रन) जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए भी जरूरी तकनीकी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

बक्सर

बक्सर, 25 जुलाई 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# रंगमंच, सिनेमा और पत्रकारिता की त्रिवेणी थे अजीत राय, लंदन में हुआ निधन

- अनुमंडल के कसिया गांव के रहने वाले थे स्व. राय, डुमरांव में शोक की लहर
- कान फिल्म फेस्टिवल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों के प्रतिनिधि के रूप में भारत की ओर से शिरकत कर चुके थे



**केटी न्यूज/बक्सर**

रंगमंच, सिनेमा और पत्रकारिता के संगम कहे जाने वाले चर्चित लेखक और समीक्षक अजीत राय का लंदन में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। मूल रूप से बक्सर जिले के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत कसियां गांव निवासी रहे स्व. अजीत राय का जाना न केवल उनके गांव और जिले बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत के लिए अपूरणीय क्षति मानी जा रही है। स्व. राय का आरंभिक जीवन गांव में ही बीता था तथा उन्होंने डुमरांव के डीके कॉलेज से स्नातक तक की शिक्षा ग्रहण की।

इसके बाद ही उन्होंने पत्रकारिता और रंगमंच के क्षेत्र में कदम रखा। अपनी प्रतिभा और निरंतर साधना के बल पर वे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में सफल रहे। उन्होंने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की प्रतिष्ठित पत्रिका रंग प्रसंग का संपादन किया। इसके साथ ही देश के कई प्रमुख अखबारों में कला, सिनेमा और रंगकर्म पर उनके लेख नियमित प्रकाशित होते रहे।

अजीत राय न केवल देश बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक सशक्त सांस्कृतिक हस्ताक्षर थे। वे कान फिल्म फेस्टिवल सहित कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों के प्रतिनिधि के रूप में भारत की ओर से शिरकत कर चुके थे। उन्होंने भारतीय फिल्म जगत के वैश्विक मंच पर प्रस्तुतिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों के सूत्रधार भी रहे। लेखन के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया।

### आधा दर्जन से अधिक पुस्तकों की है रचना

अजीत राय लेखनी के भी धनी थे। रंगमंच, सिनेमा और संस्कृति से संबंधित लगभग आधा दर्जन पुस्तकों की रचना की। उनकी दृष्टि गंभीर और भाषा सहज होने के कारण वे पाठकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही डुमरांव, बक्सर तथा कला और साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पत्रकार और श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अजीत राय बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका जाना डुमरांव के लिए एक रत्न को खोने जैसा है। देश के रंगमंच और साहित्य में उनकी कमी लंबे समय तक खलेगी। बताया जा रहा है कि उनका निधन बीती रात लंदन में हार्ट अटैक के कारण हुआ। स्व. राय कसियां पंचायत के पूर्व मुखिया भोला नाथ राय के ज्येष्ठ पुत्र थे। वे अपने पीछे पिता के अलावे पत्नी शैलजा, इकलौते पुत्र भार्गव तथा तीन भाईयों बब्लू सिंह, रिंकू सिंह व दिनेश सिंह समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके पुत्र भार्गव भी फिल्म इंडस्ट्रीज से ही जुड़े है। उनके निधन की खबर से डुमरांव के रंगकर्मियों में भी शोक की लहर दौड़ गई है। इसके अतिरिक्त देश व विदेश के प्रसिद्ध पत्रकार व लेखकों ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की है। सभी उनके अचानक निधन से स्तंभ है। किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा है कि इतनी जल्दी अजीत राय सभी को छोड़कर चले गए। अंतरराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त होने के बाद भी उन्हें अपनी गांव की मिट्टी से प्यार था। वह हर साल अपने गांव आते और सभी से मिलते थे।

## एक नजर

### फरार आरोपित के घर पुलिस ने डुगडुगी पिटवा चस्पाया इश्तेहार, हाजिर

**डुमरांव।** नया भोजपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में एक फरार आरोपित के घर इश्तेहार चश्पाया है। इश्तेहार चस्पाने के पूर्व पुलिस ने उसके दरवाजे पर डुगडुगी भी पिटवाया तथा उसके स्वजनों से कहा कि उसे अविलंब न्यायालय के समक्ष या पुलिस के समक्ष समपर्ण करवाए। ऐसा नहीं करने पर संपति कुर्क की जाएगी।आरोपित अजित पटवा पिता सुरेन्द्र पटवा पर पड़ोस की ही एक शादीशुदा महिला ने यौन शोषण करने का आरोप लगा पिछले साल ही नया भोजपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा है। कोर्ट द्वारा इस्तेहार जारी किए जाने के बाद गुरूवार को पुलिस ने उसके घर जा इश्तेहार चश्पाया। इस दौरान आस पास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि आरोपित यदि निर्धारित समय के अंदर हाजिर नहीं होता है तो उसकी संपति की कुर्की जब्ती की जाएगी।हालांकि, इस घटना को ले गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपित व पीड़िता के परिवार के बीच लंबे समय तक नजदीकी भी रही है।

### अगलगी में बकरी समेत हजारों की संपति खाक

**बक्सर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पीड़िया गांव में गुरुवार की अहले सुबह एक झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। अगलगी की इस घटना में झोपड़ी में बंधी एक बकरी, खाद्य पदार्थ, चौकी, खाट, बिछावन समेत हजारों की संपति जल गई है। अगलगी की जानकारी होते ही पड़ोसियों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तबतक झोपड़ी पूरी तरह से जल गई थी। हालांकि, परिवार दूसरे झोपड़ी में सोया था, जिस कारण उनकी जान बच गई। अगलगी की यह घटना सीता देवी पति स्व. रामकुमार राम के घर में हुई है। इस मामले में पीड़िता ने स्थानीय थाने तथा अंचल कार्यालय में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि वह विधवा है तथा काफी गरीब है। उसने पुलिस व प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### किसानों को बिजली आपूर्ति की दरकार, प्रखंड प्रमुख ने उठाई आवाज

**केसठ।** प्रखंड के डीहरा अंतर्गत वैना राजवाहा पोखरा में पानी की आपूर्ति वर्षों से बाधित है, जिसके कारण स्थानीय किसानों को खेती के लिए केवल टियुबेल पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लेकिन टियुबेल चलाने हेतु उन्हें लगातार बिजली की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इस समस्या को लेकर किसानों ने प्रखंड प्रमुख से गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान नरेंद्र सिंह, कृष्ण, सिद्धनाथ राम, मनजी धोबी, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य कृषकों ने बताया कि डीहरा पोखरा स्थित ट्यूबवेल को बिजली नहीं मिल पाने के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। नहर में वर्षों से पानी नहीं छोड़ा गया है, जिससे यह इलाका पूरी तरह से ट्यूबवेल पर ही निर्भर है। किसानों की शिकायत के बाद प्रखंड प्रमुख केसठ ने दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डिवीजन, डुमरांव को पत्र भेजते हुए आग्रह किया है कि डीहरा पोखरा स्थित टियुबेल पर अविलंब बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान समय रहते धान रोपनी और अन्य खेती-किसानी के कार्य पूरा कर सकें। प्रखंड प्रमुख ने यह भी कहा कि किसानों के लिए समय पर बिजली मुहैया कराना न केवल कृषि उत्पादन से जुड़ा मामला है बल्कि यह उनके जीवन और जीविका से जुड़ी प्राथमिक आवश्यकता है। उन्होंने विद्युत विभाग से त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# प्रधान शिक्षिका रीना प्रधान ने विद्यालय का संभाला कार्यभार



- विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण विधि, अनुशासन और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी अंचल के प्राथमिक विद्यालय नगरपुरा में एक नई शुरूआत हुई, जब शिक्षिका रीना प्रधान ने प्रधान शिक्षिका के पद पर औपचारिक रूप से योगदान दिया। बीपीएससी द्वारा आयोजित प्रधान शिक्षक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उन्हें यह पदभार सौंपा गया। निवर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीभगवान पासवान ने उन्हें विद्यालय का कार्यभार सौंपा। विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा रीना प्रधान का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। उनके नेतृत्व में विद्यालय में नए उत्साह और उम्मीद की लहर दौड़ गई। प्रधान शिक्षिका के रूप में योगदान करने के बाद रीना प्रधान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उनका पहला उद्देश्य विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को धरातल पर उतारना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से मिले, यह सुनिश्चित करना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि वे विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण विधि, अनुशासन और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देंगी। साथ ही, शिक्षक साथियों के सहयोग से विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम करेंगी। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका मीना कुमारी, निर्मला साहनी, सीतारा खातून, आकांक्षा सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। नई प्रधान शिक्षिका के आगमन से विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ, जिससे न केवल शिक्षक, बल्कि छात्र-छात्राएं भी उत्साहित नजर आए। गौरतलब हो कि सहियार गांव की रहने वाली रीना प्रधान पहले भी सिमरी क्षेत्र में पदस्थापित रह चुकी हैं। उनके पति अजीत ठाकुर इलाके के एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् के रूप में जाने जाते हैं, जिससे शिक्षा क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ विद्यालय को मिलेगा।

## बढ़ी उम्मीद: बक्सर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर

# चौसा थर्मल पावर प्लांट से जल्द होगा उत्पादन शुरू, मिलेगी बिजली

- 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां की गई हैं स्थापित
- गंगा नदी से प्लांट तक जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से अब संयंत्र तक पानी पहुंचने लगा



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार के बक्सर जिले के चौसा प्रखंड में निमार्णाधीन 1320 मेगावाट की थर्मल पावर प्लांट परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यह परियोजना न केवल बिहार के बिजली संकट को दूर करने में सहायक बनेगी, बल्कि राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी छलांग भी देगी। संयंत्र से बहुत जल्द बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा, जिसकी पहली इकाई से ट्रायल के बाद उत्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है।इस कोयला आधारित संयंत्र में उत्पादन के लिए आवश्यक मूलभूत संसाधनों की आपूर्ति लगभग पूरी हो चुकी है।

गंगा नदी से प्लांट तक जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन से अब संयंत्र तक पानी पहुंचने लगा है। अधिकारियों द्वारा इस पाइपलाइन का ट्रायल भी सफलतापूर्वक किया जा चुका है। जलापूर्ति व्यवस्था की सफलता को तकनीकी दृष्टि से एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं, कोयले की आपूर्ति की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है, और शीघ्र ही पूरी व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी।इस परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1320 मेगावाट है, जिसमें 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां स्थापित की गई हैं। संयंत्र के अधिकारियों के अनुसार, पहली इकाई से बिजली उत्पादन शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जबकि दूसरी इकाई पर कार्य अंतिम चरण में है। इससे उत्पादित कुल बिजली में से 85 प्रतिशत बिजली बिहार सरकार को दी जाएगी, जबकि शेष 15 प्रतिशत बिजली की स्वामित्व कंपनी के पास रहेगी।गौरतलब है कि इस परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में किया था। यह परियोजना केंद्र सरकार की पावर फॉर ऑल नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के सभी हिस्सों को सस्ती और स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

अब जब यह परियोजना मूर्त रूप लेने जा रही है, तो इससे बिहार को न केवल बिजली संकट से राहत मिलेगी, बल्कि औद्योगिक विकास की रफ्तार भी तेज होगी।सीईओ विकास शर्मा ने बताया कि यह संयंत्र बिहार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि संयंत्र की स्थापना से स्थानीय स्तर पर भी बड़े पैमाने पर विकास हुआ है। सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। परियोजना के दौरान आसपास की सड़कों और बुनियादी ढांचे का भी विकास किया गया है।

विकास शर्मा के अनुसार, यह संयंत्र न केवल बिजली उत्पादन की दृष्टि से बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास के लिहाज से भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं और कई तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए गए हैं।

बक्सर बिजली परियोजना आने वाले वर्षों में बिहार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह परियोजना ग्रीन एनर्जी की दिशा में भविष्य के प्रयासों के लिए भी नींव तैयार कर सकती है। चौसा का यह संयंत्र न केवल बिजली उत्पादन का केंद्र बनेगा, बल्कि यह बक्सर और समूचे बिहार के विकास की रोशनी भी बनकर उभरेगा।

# वृद्ध पर हमले में आरोपी धराया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव में सोमवार की रात 65 वर्षीय आदित्य यादव पर धारदार हथियार से हुए जानलेवा हमला मामले में पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मुरार निवासी व तांत्रिक 55 वर्षीय रामजी पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, जानलेवा हमले के आरोपित की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पूरा मामला अंधविश्वास के विरोध से जुड़ा है।

कोरानसराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पटना में इलाज के दौरान पुलिस को दिए फर्द बयान में पीड़ित आदित्य ने बताया है कि मुरार निवासी रामजी पासवान तांत्रिक है तथा वह लंबे समय में मेरे घर आता था तथा बेटे व बहू को अपने अंधविश्वास में फंसा लिया था। जिसका मैं विरोध कर रहा था। इसको लेकर एक महीना पहले उससे विवाद भी हुआ था। इस दौरान उसने अंजाम भुगतने की धमकी भी दिया था। पीड़ित ने पुलिस से कहा है कि मुझे पूरा भरोसा है कि उसी ने मुझपर जानलेवा हमला करवाया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि हमलावर हॉफ पैंट व काले रंग का टी-शर्ट पहने था, जिसे मैं पहचान नहीं सका। नामजद आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अब हमलावर की पहचान में जुट गई है। वहीं, ग्रामीण सूत्रों की मानें तो मामले का उद्भेदन होने पर कई चौकाने वाली बातें सामने आ सकती है। गौरतलब हो कि आदित्य यादव खाना खाकर अपने दरवाजे पर सो रहे थे, इसी दौरान रात करीब 10.30 बजे किसी ने धारदार हथियार से उसके पेट पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया था। इस हमले में आदित्य को गंभीर चोटें आई थी तथा उसका आंत बाहर आ गया था। अनुमंडलीय अस्पताल में समय से प्राथमिक इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। वहीं, मामले में नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही मामले का उद्भेदन कर

## बिजली-पानी के मुद्दे पर कोरानसराय में आज धरना देंगे किसान

**डुमरांव।** प्रखंड समेत पूरे जिले के किसान फिलवक्त धनरोपानी ो लेकर चिंतित हैं। एक ओर धान की रोपनी का समय जल्द ही समाप्त हो जाएगा, वहीं मानसून ने भी किसानों के साथ दगाबाजी कर दी है। दूसरी ओर, सिचाईं विभाग व बिजली विभाग की उदासीनता से नाराज किसान शुक्रवार को कोरानसराय प्रमुख चौक के समीप एक दिवसीय धरना देंगे।

यह धरना सर्वदलीय किसान मोर्चा के बैनर तले दिया जाएगा। मोर्चा के अगस्त उपाध्याय ने इस संबंध में बताया कि धान की रोपनी का बेहतर समय तेजी से निकल रहा है। बारिश नहीं होने से जुलाई के इस आखिरी सप्ताह में खेतों में धूल उड़ रहा है। ऐसे समय में किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने में नहर विभाग उदासीन बना हुआ हैं। उन्होंने बताया कि सिकरौल से निकलने वाले भोजपुर रावाजा तथा डुमरांव राजवाहा में पानी नहीं है।

# चौसा प्रखंड में पीएम किसान योजना लाभ हेतु अभियान तेज

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा प्रखंड में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के अंतर्गत रैयत किसानों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा यह कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी शशि रंजन प्रसाद यादव ने बताया कि सभी पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर किसानों का ई-केवाईसी और रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल छह हजार की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। उन्होंने बताया कि कई किसान अभी तक इस योजना के लिए जरूरी ई-केवाईसी और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं, जिसके कारण उन्हें लाभ मिलने में विलंब हो रहा है। ऐसे में किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपने नजदीकी राजस्व कर्मचारी, जैसे हलका कर्मचारी या राजस्व कर्मचारी से संपर्क कर अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन अविलंब कराएं।कृषि पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और जमीन से संबंधित दस्तावेज साथ लाने होंगे। यह अभियान कृषि विभाग और राजस्व विभाग के समन्वय से चलाया जा रहा है और अधिकारियों की निगरानी में यह कार्य नियमित रूप से संपन्न हो रहा है। कृषि विभाग का उद्देश्य है कि इस बार कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रहे। इसके लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता भी फैलाई जा रही है, ताकि सभी किसान समय पर जरूरी प्रक्रिया पूरी कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## नावानगर बीडीओ ने किया बीएलओ के कार्य की समीक्षा

**नावानगर।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम तेजी से चल रहा है। यह कार्य कैंप मोड में चल रहा है। गुरुवार को नावानगर बीडीओ ने बीएलओ के स्तर से किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बीएलओ द्वारा प्रतिवेदित सारांश पत्रक की जांच की गई एवं इस सावधानीपूर्वक तैयार करने का निदेश दिया गया।

## महाकाल की विशेष भस्म आरती, गंगा महा आरती के साथ देर रात तक चला सांस्कृतिक कार्यक्रम

# महादेव के नारों से गुंजायमान हुआ रघुनाथपुर का महाकालेश्वर मंदिर

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



सावन माह की शिवरात्रि पर ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर शिवभक्ति में डूब गया। तुलसी स्थान स्थित महाकालेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान महाकालेश्वर का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर दिनभर शिवनाम के जयघोष से गूंजता रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वावधान में भव्य शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत महाकाल की विशिष्ट भस्म आरती, गंगा महा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया।

मंदिर के समीप स्थित तुलसी सरोवर के तट पर विद्वान अर्चक राजू मिश्रा, गोपी मिश्रा एवं विकास मिश्रा द्वारा काशी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली महाआरती की तर्ज पर भव्य एवं दिव्य गंगा आरती किया गया, जिसे देखने के लिए न सिर्फ स्थानीय ग्रामीण बल्कि आसपास के कई गांवों से शिवभक्त उमड़ पड़े। जैसे ही गंगा महाआरती आरंभ हुई वातावरण दीपों की रोशनी, शंखनाद, घंटियों की ध्वनि और भक्तों के हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

आरती का दृश्य अत्यंत मनोहारी था, जिसमें तुलसी सरोवर की लहरों पर दीपों की झिलमिलाहट देखते ही बनती थी। गंगा आरती के बाद महाकाल की भस्म आरती की शुरूआत वैदिक पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार और रुद्राभिषेक के साथ हुई। सर्वप्रथम भगवान महाकाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया और ढोल, नगाड़े एवं मंजीरे के साथ विशेष रूप से भस्म आरती की गई जो शिव उपासन की विशिष्ट परंपरा है। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। लोक गायक एवं कलाकार अभिनंदन मिश्रा एवं गायिका रिंकी मौर्या ने प्रसंग के साथ शिव गीतों से समा बांध दिया। उनकी भक्ति संगीत की शानदार प्रस्तुति ने शिवभक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य मदन चौधरी, राजू मिश्रा, संतोष सिंह, शैलेश ओझा, संतोष गुप्ता सहित स्थानीय युवाओं की भूमिका सराहनीय रही। मंदिर प्रबंधन समिति से जुड़े शैलेश ओझा ने जानकारी दी कि सावन के प्रत्येक सोमवार को गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा।






